

## एक नजर में

### सरवानिया महाराज में जावी चौराहा के पास सड़क हादसा, युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर



**नीमच।** जिले के सरवानिया महाराज अंतर्गत आने वाले जावी चौराहा के समीप शुक्रवार शाम को एक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में मनीष पिता गोपाल नायक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके साथ मौजूद एक अन्य युवक को भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष नायक और नानालाल नायक जावी चौराहा के पास ट्रैक्टर के पीछे जा रहे थे। इसी दौरान अचानक जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी तेज थी कि मनीष नायक को गंभीर चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही सरवानिया महाराज से एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक जावी निवासी हैं। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

### थाना रामपुरा द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई



**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन. एस. सिसौदिया एवं प्रभारी एसडीओपी मनासा श्रीमती निकिता सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी रामपुरा निरीक्षक विजय सागरिया के नेतृत्व में थाना रामपुरा पुलिस स्टॉफ द्वारा आज दिनांक 17.01.2026 को ग्राम आमलिया मे दबिश देकर 550 लीटर लहान नष्ट किया।

### खेत में काम कर रही महिला के कान चीरकर सोने की बालियां लूट ले गए बदमाश



**गरोठ।** गरोठ तहसील में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला ग्राम फुलखेड़ा का है, जहां शनिवार को खेत में काम कर रही एक महिला के साथ दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज वारदात हुई। दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने महिला पर हमला कर उसके कान से सोने की बालियां झपट लीं, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फुलखेड़ा निवासी मोहन बाई खेत पर कृषि कार्य कर रही थी। इसी दौरान दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और अचानक महिला पर हमला कर दिया। बदमाशों ने महिला के कान से सोने की बालियां जबरन खींच लीं। वारदात इतनी बेरहमी से की गई कि महिला के कान के निचले हिस्से फट गए और वह लहूलुहान हो गई। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। महिला की चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तत्काल शासकीय अस्पताल गरोठ पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही गरोठ पुलिस अस्पताल पहुंची और महिला के बयान दर्ज किए। पुलिस द्वारा क्षेत्र में नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोगों ने बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई है।

### संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित नाहरगढ़ का किया निरीक्षण

**मंदसौर।** उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने आज प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित नाहरगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था द्वारा कृषकों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से नैनो डीएपी, यूरिया एवं पेस्टिसाइड के छिड़काव का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। संभाग आयुक्त ने निकटवर्ती खेत में जाकर ड्रोन डेमोस्ट्रेशन का अवलोकन किया तथा इससे किसानों को होने वाले लाभ, समय एवं लागत की बचत के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सहकारी विभाग के सीईओ सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संभाग आयुक्त द्वारा संस्था नाहरगढ़ के अंतर्गत संचालित इफको एमसी आउटलेट का भी निरीक्षण किया गया। संस्था द्वारा उक्त व्यवसाय से मात्र सात माह में 9.52 लाख रुपये का लाभ अर्जित किया गया है। इसके साथ ही संस्था द्वारा विक्रय किए जा रहे अमूल ऑर्गेनिक उत्पाद (जैविक खाद) की उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर संभाग आयुक्त एवं जिला कलेक्टर ने डेली कलेक्शन कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही संभाग आयुक्त ने श्री कैलाशचंद्र पिता शिवनारायण, निवासी नाहरगढ़ को पशुपालन व्यवसाय हेतु आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना अंतर्गत 5 गाय क्रय के लिए 3.82 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इसके अतिरिक्त संस्था के कृषकों को वर्ष 2024–25 के लाभांश के चेक भी वितरित किए गए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मंदसौर द्वारा निरीक्षण के दौरान वर्ष 2024–25 के लाभ में से 19.71 लाख रुपये के लाभांश का चेक संभाग आयुक्त एवं बैंक की प्रशासक को प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद की ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली, खाद वितरण व्यवस्था, लाइसेंस प्रक्रिया, ऑर्गेनिक उत्पाद एवं खाद भंडारण व्यवस्था का भी विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के पश्चात संभाग आयुक्त श्री आशीष सिंह ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संभाग के अन्य क्षेत्रों के कृषकों एवं संबंधित व्यक्तियों को नाहरगढ़ सहकारी संस्था में प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा, ताकि आधुनिक तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ किसानों को मिल सके।

# त्वरित उपचार के लिए मनासा में वेंटीलेटरयुक्त एक वार्ड तत्काल प्रारंभ करें : राजेन्द्र शुक्ल

- मनासा में जीबीएस का प्रकोप:
- उप मुख्यमंत्री ने पीडित परिवारों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के दिए निर्देश
- उप मुख्यमंत्री ने मनासा में वरिष्ठ अधिकारियों और चिकित्सकों की बैठक में जीबीएस पीडित मरीजों के उपचार, बचाव एवं सुरक्षा उपायों की समीक्षा की



**मनासा.** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को नीमच जिले के मनासा पहुच कर अधिकारियों की बैठक में जी.बी.एस. संभावित मरीजों के उपचार की व्यवस्था घर–घर स्क्रीनिंग की व्यवस्था और संभावित बीमारी की रोकथाम के उपायों पर विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश भी दिए।

बैठक में संभागायुक्त उज्जैन आशीष सिह ने उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया, कि मनासा के सभी वार्डो में स्वास्थ्य विभाग टीमों द्वारा घर–घर सर्वे कर सामान्य सर्दी, खासी, बुखार के मरीजों को चिंहित किया जाकर, पीडितों के परिवारजनों को स्वास्थ्य उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सभी मरीज उपचाररत होकर ठीक है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को जिला प्रशासन एवं जिले की स्वास्थ्य टीमों द्वारा मनासा में घर–घर स्क्रीनिंग कार्य, जनजागरूकता कार्य और रिर्पोटेड मरीजों की नि:शुल्क त्वरित उपचार व्यवस्था और मरीजों के निरंतर फालोअप की व्यवस्था के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

### मनासा में चिकित्सकों की टीम भी तैनात करने के निर्देश दिए

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जिला प्रशासन द्वारा मनासा में संभावित मरीजों के रिर्पोट होने के बाद त्वरित कार्यवाही कर घर–घर स्क्रीनिंग सेम्पलिंग एवं उपचार की व्यवस्था के कार्य की सराहना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मनासा सिविल अस्पताल में स्क्रीनिंग में पाए जाने वाले संभावित रोगियों के त्वरित नि:शुल्क उपचार के लिए मनासा में वेंटीलेटरयुक्त एक पृथक से वार्ड स्थापित करने और इस वार्ड में चिकित्सक सहित आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। जिससे,कि सर्दी, खासी, बुखार के मरीजों व अन्य मरीजों को स्थानीय स्तर पर तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सके और मरीजों को अन्यत्र रेफर ना करना पडे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संभावित जीबीएस के फैलाव को रोकने के समुचित उपाय सुनिश्चित करने, चिंहित, रिर्पोटेड मरीजों को त्वरित उपचार सुविधा मुहैया कराने, मनासा में पर्याप्त संख्या में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मनासा में वेंटीलेटरयुक्त एक लाईव सर्पोट सिस्टम के साथ एम्बुलेंस की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश भी स्वास्थ्य विभाग को दिए है। साथ ही मेडीकल कालेज नीमच से मनासा में चिकित्सकों की टीम भी तैनात करने के निर्देश दिए है। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बैठक में उक्त संभावित रोग से बचाव एवं सुरक्षा के उपायों का व्यापक प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से करने और सर्वे टीम के माध्यम से सभी प्रभावित वार्डो में निवासियों को पानी उबाल कर पीने एवं रोग से बचाव व सुरक्षा के उपायों पर अमल करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए।

## अब पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से मिलेगा किसानों को खाद : कलेक्टर

**मंदसौर।** जिले में रासायनिक उर्वरकों के सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा ई–टोकन प्रणाली लागू की गई है। इस नवीन व्यवस्था के अंतर्गत अब किसानों को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार ई–टोकन प्राप्त कर खाद वितरण किया जाएगा, जिससे अनावश्यक भीड़ कालाबाजारी एवं असुविधा से बचा जा सकेगा।

कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा बताया गया कि ई–टोकन प्रणाली के अंतर्गत किसान अपने आधार नंबर, समग्र आईडी एवं भूमि विवरण के आधार पर पंजीयन कर ई–टोकन प्राप्त कर टोकन में निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित सहकारी समिति, विपणन संघ द्वारा संचालित नगदी खाद विक्रय केन्द्र अथवा अधिकृत विकेता से अपनी भूमि के मान से पात्रता अन्तर्गत रासायनिक खाद प्राप्त कर सकेगें। इससे किसानों को लाइन में लगने की परेशानी नहीं होगी और सभी पात्र किसानों को उनकी आवश्यक्ता अनुसार खाद समय पर मिल सकेगा। ई–टोकन प्रणाली अन्तर्गत विगत 02 दिनों में जिले की सहकारी संस्थाओं के माध्यम से 69 कृषकों द्वारा सुगमतापूर्वक रासायनिक खाद प्राप्त किया है।

ई–टोकन प्रणाली से खाद वितरण में पारदर्शिता आएगी और वास्तवीक किसानों को प्राथमिकता मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा किसानों से अपिल की गई है कि वे ई–टोकन के माध्यम से ही खाद प्राप्त करें। ई–टोकन प्रणाली अन्तर्गत किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान हेतु किसान अपने नजदीकी कृषि विस्तार अधिकारी या सहकारी संस्था से संपर्क कर सकते है।

ई–टोकन प्रणाली से जिले में खाद वितरण व्यवस्था सुदृढ़ होगी और खरीफ / रबी मौसम में किसानों को समय पर बिना किसी परेशानियों के उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।

## एमडी ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़, 40 लाख की सामग्री जब्त, जिले का खेडी दायमा बना सिंथेटिक ड्रग हब



**नीमच। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सिंथेटिक ड्रग के निर्माण, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अधिकतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच नवल सिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी मनासा निकिता सिंह के कुशल मार्गदर्शन में 06 थानों के पुलिस बल एवं पुलिस लाइन से प्राप्त बल की कुल 10 टीमों का गठन किया गया।

**खेडी दायमा में केमिकल भंडारण गृह पर दबिश–** दिनांक 16.01.2026 को थाना मनासा पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में फरार आरोपियों की तलाश के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम खेडी दायमा में एक मकान पर दबिश दी गई। मौके से दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनके कब्जे से भारी मात्रा में सिंथेटिक ड्रग, निर्माण सामग्री एवं केमिकल बरामद किए गए। पुलिस द्वारा मौके से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य की सामग्री, सिंथेटिक ड्रग निर्माण से संबंधित 150 किलोग्राम एमडी बनाने के विशेष अभिलेख, नोट गिनने की मशीन एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे जप्त किए गए। **आरोपी गिरफ्तार, एक फरार–** इस कार्रवाई में राहुल पिता नाथूलाल दायमा बंजारा एवं गोविंद पिता मन्नालाल दायमा बंजारा, निवासी ग्राम खेडी दायमा, थाना मनासा को गिरफ्तार किया गया है। जबकि तीसरा आरोपी प्रकाश पिता किशनलाल दायमा बंजारा फरार है, जिसकी तलाश जारी है। थाना मनासा पर अपराध क्रमांक 31/26 अंतर्गत धारा 8/15, 8/20, 8/22, 8/28 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## दलौदा से 100 क्विंटल लहसुन गायब कर मुंबई बेचने वाला गिरोह गिरफ्तार





**मंदसौर।** दलौदा पुलिस ने 100 क्विंटल लहसुन धोखाधड़ीपूर्वक गायब कर मुंबई की लहसुन मंडी में बेचने वाले गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सोहन उर्फ सोनू पाटीदार को हिमाचल प्रदेश के राजगढ़ से गिरफ्तार कर ट्रक सहित माल मशरूका जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल एवं एसडीओपी मंदसौर ग्रामीण कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दलौदा निरीक्षक शुभम व्यास के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जून 2025 को फरियादी महेंद्र सिंह राजपूत निवासी लखमाखेड़ी ने अपनी मंडी दुकान से करीब 100 क्विंटल (222 कट्टे) लहसुन गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना दलौदा में अपराध क्रमांक 237/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में सोहन उर्फ सोनू पाटीदार (रतलाम), राजेंद्र सिंह राजपूत (धार), शुभम देवड़ा (मंदसौर) एवं अनिल पोरवाल (नीमच) शामिल हैं। एक आरोपी पुष्कर पाटीदार (नीमच) फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने अपराध में प्रयुक्त आईशर ट्रक सहित लहसुन जब्त किया है। इस कार्रवाई में दलौदा पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।---

## जैविक खाद एवं उत्पाद तैयार कर सालाना साढ़े तीन लाख रूपये की कमाई कर रहे हैं भाटखेड़ी के युवक विनोद

- उज्जैन सम्भागायुक्त श्री आशीष सिंह एवं कलेक्टर श्री चंद्रा ने किया जैविक खेतों एवं उत्पादों का निरीक्षण





**नीमच।** जिले के ग्राम भाटखेडी के युवक विनोद पाटीदार गोबर से केचुआ खाद एवं अन्य उत्पाद बनाकर साढे तीन लाख रुपये सालाना कमा रहे है। उनके पास 10 पशु है उनसे गोबर कम प्राप्त होता है, तो क्षेत्र के अन्य पशुपालको से साढ़े आठ हजार रुपये प्रति ट्राली में गोबर खरीद कर, केंचुआ खाद एवं वर्मीवाश तैयार कर बेच रहे है। 40 क्वीटल खाद एवं मजदूरी पर पन्द्रह हजार का खर्च आता है और इससे 30 से 35 हजार की आय कर लेते हैं। विनोद के पास पहले छोटी यूनिट थी इस वर्ष इस यूनिट की क्षमता बढ़ाकर चार गुना कर दी है, गत वर्ष जैविक खाद के 1500 बेग बेचे थे। इस वर्ष 6 हजार बेग तैयार कर रहे हैं।संम्भागायुक्त उज्जैन श्री आशीष सिंह एवं कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार की शाम को भाटखेडी में विनोद पाटीदार के खेत पर तैयार किया जा रहा है जैविक उत्पादों और जैविक खेती का अवलोकन किया। कमिश्नर से चर्चा में विनोद ने बताया कि वह स्वयं जैविक खेती करते हैं, जिसमें उनके द्वारा तैयार किया गया जैविक खाद ढेचा, सन बीजा के माध्यम हरा खाद प्रयुक्त किया जा रहा है। उनका प्रमुख उत्पाद, जैविक खाद है। खाद के अतिरिक्त विनोद 100 रूपये लीटर में वर्मीवाश का विक्रय भी करते हैं। उनके द्वारा उत्पादित जैविक खाद स्थानीय स्तर पर ही बिक जाता है तथा वे माँग की पूर्ति नहीं कर पा रहे है। विनोद पंचगव्य तथा 21 जड़ी बुटियों से 'गौकृपा अमृतम्' किसानों को मुफ्त में प्रदान कर रहे है, जो तरल खाद के रूप में प्रयुक्त होता है।

**एक नजर** नीमच में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, इंदौर जहरीला पानी कांड और मनासा में जीबीएस बीमारी के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

# जिला अस्पताल में इलाज के नाम पर वसूली के विरोध में कांग्रेस ने मांगी भिक्षा, प्रशासन पर साधा निशाना





**नीमच।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी नीमच द्वारा शहर के प्रमुख भारतमाता–फोर जीरो चौराहे पर 'उपवास एवं धरना प्रदर्शन' आयोजित किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीला पानी पीने से हुई मौतों, नीमच जिले के मनासा क्षेत्र में फैल रही गंभीर जीबीएस (त्वक्र्स) बीमारी और जिला चिकित्सालय में उपचार के नाम पर मरीजों से मांगी जा रही राशि,व मनरेगा जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया कि यह आंदोलन इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित एवं जहरीला पानी पीने से 23 निर्दोष नागरिकों की मौत के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन की मूल जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण आमजन को अपनी जान तक गंवानी पड़ी।कांग्रेस ने नीमच जिले के मनासा क्षेत्र में फैल रही जीबीएस बीमारी को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की। बाहेती ने मांग की है कि जीबीएस से पीड़ित मरीजों को तत्काल, समुचित और पूर्णत: नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि बीमारी के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भय और असंतोष का माहौल है।ओर मेरिजो को महंगे इलाज कराने पडरहे है।धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने नीमच जिला चिकित्सालय की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को भी कठघरे में खड़ा किया। आरोप लगाया गया कि शासकीय अस्पताल होने के बावजूद मरीजों से इलाज, दवाइयों और उपकरणों के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। इसी के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से 'भिक्षा' मांगी और यह संदेश दिया कि यदि सरकार अस्पताल को पर्याप्त बजट और संसाधन नहीं दे सकती, तो इलाज के लिए जनता को भीख मांगने की नौबत आ रही है। उपवास समाप्ति के बाद एकत्र की गई भिक्षा को जिला अस्पताल जाकर सिविल सर्जन को सौंपने का निर्णय लिया गया।कांग्रेस ने यह भी बताया कि मनासा में फैल रही जीबीएस बीमारी को लेकर आज उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का जिले में दौरा है और प्रदर्शन के माध्यम से उनका ध्यान इन गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया है।तरुण बाहेती ने कहा कि शासन की विफल नीतियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अकर्मण्यता का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। साथ ही उन्होंने मनरेगा के कानूनी अधिकारों को कमजोर करने की कथित साजिश का भी विरोध किया।प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया, पूर्व विधायक डॉ. संपत जाजू, बृजेश सक्सेना, बाबू सलीम, बृजेश मित्तल, मधु बंसल, आशा सांभर, गजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।